संख्या-4/2017/946एस.ची.उ.अनु.-1/17-2504/2017

प्रेषक,

नरेश बहादुर,
विशेष सचिव,
उ.प्र. शासन।

सेवा में,

राज्य सूचना अधिकारी,
एन.आई.सी., योजना भवन,
उ.प्र.शासन।

चीनी उद्योग अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 17 अगस्त, 2017

विषय:-ई-प्रणाली लागू किये जाने हेतु साफ्टवेयर को संचालित करने के लिए प्रशिक्षण हेतु पदनाम को मैप करते हुए लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग में उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुरूप ई-प्रणाली के अन्तर्गत विभाग में स्थापन संबंधी समस्त कार्यों को गति प्रदान करने, पूर्णरूपेण व्यक्तिगत सूचना प्रणाली (पी.आई.एस.) का क्रियान्वयन किये जाने हेतु भारत सरकार के मानव-सम्पदा साफ्टवेयर को गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, कार्यालय गन्ना एवं चीनी आयुक्त, उ.प्र. (समस्त क्षेत्रीय कार्यालयों सहित) मय उ.प्र. राज्य चीनी निगम लि., उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान, उ.प्र.] उ.प्र. गन्ना शोध परिषद शाहजहाँपुर एवं उ.प्र. सहकारी गन्ना समिति संघ लि. में क्रियान्वित किया जाना है, जिस हेतु मानव सम्पदा को सम्पूर्ण रूप से स्थापित किया जाना है। उक्त मानव सम्पदा साफ्टवेयर को भली-भाँति संचालित किये जाने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाना प्रस्तावित है।

अत: उक्त के परिप्रेक्ष्य में आपसे अनुरोध है कि आप विभाग के समस्त कार्यालयों की लॉगिन आई.डी. एवं पासवर्ड विभागीय संरचनात्मक ढांचे के अनुरूप अधिकारियों के पदनाम को मैप करते हुए उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि अधिकारियों/कर्मचारियों के स्थापन संबंधी समस्त कार्यों को एप्लीकेशन के माध्यम से त्वरित गति से सम्पादित किया जा सके।

भवदीय,

(नरेश बहादुर)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।